हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 वाटर एटीएम में फूंके एक करोड़ 56 लाख, उपयोग कौड़ी का नहीं



14 बूंद-बूंद जल के लिए तरस रहे नवागढ़वासी टैंकर ...



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका का आज शहर प्रवास

**बेमेतरा।** राज्यपाल रमेन डेका 22 मार्च को शहर के प्रवास पर रहेंगे।



प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री डेका कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। राज्यपाल सुबह 9 बजे सड़क मार्ग से खैरागढ़ से प्रस्थान करेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे बेमेतरा पहुंचेंगे। बेमेतरा में अपने प्रवास के दौरान वे जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर विभिन्न प्रशासनिक और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात, राज्यपाल श्री डेका दोपहर 2 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे राजभवन लौटेंगे।

# जनता की समस्याओं को पुलिस कर्मी गंभीरता से सुनें: आईजी

## बैठक
### जिले के पुलिसकर्मियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने गुरुवार को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवनिर्मित भवन में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में आईजी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग श्री दुर्ग ने सायबर प्रहरी अभियान और त्रिनयन एप के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सशक्त एप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग कार्रवाई को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### संशोधित कानून के संबंध में दिए निर्देश

बैठक में संशोधित नए कानून के संबंध में विवेचकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा, चोरी और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और काम्बिंग गश्त करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस बैठक का उद्देश्य बेमेतरा जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।





### ये रहे उपस्थित

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, स्टेनो अजय कुमार देवांगन सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, डी.एल. सोना, राजकुमार साहू, ओंकार साहू, भुनेश्वर यादव, कंवल सिंह नेताम, सुरेश सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार क्षत्री, जितेन्द्र कुमार कश्यप, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, आईजीपी कार्यालय से प्रशांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# जपं बेरला में पांचवे दिन भी जारी रही पंचायत सचिवों की हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

जनपद पंचायत बेरला के पंचायत सचिव पांचवें दिन भी अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर धरना स्थल गौठान चौक बेरला में डटे रहे। सचिवों का कहना है कि हम अपने जायज मांग को लेकर पिछले 18 मार्च 2025 से हड़ताल कर रहे है लेकिन शासन हमारी सुध नहीं ले रही है। जिस कारण आगे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायतों की सभी कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे, पेयजल व्यवस्था, नए सरपंचों के बैंकों में हस्ताक्षर नमूना जमा नहीं होना, जिस कारण बैंक से राशि आहरण नहीं होने से वर्तमान सरपंचों के ऊपर कर्ज चढ़ता जा रहा है। किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। इस दौरान हड़ताल में सचिव संघ के अध्यक्ष केहर सिंह साहू, पवन विश्वकर्मा ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर धरने पर डटे रहे

# बलि प्रथा का किया विरोध समाजसेवियों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के सण्डी गाँव मे स्थित विख्यात सिद्धिमाता मन्दिर में मन्नत एवं परम्परा की आड़ में बलिप्रथा व नशाखोरी के खिलाफ दाण्डी स्वामी की अगुवाई में मन्दिर समिति, जीवप्रेमियो, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने एकसुर में सड़क मार्ग पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में प्रशासन के पुलिस बल एवं अन्य अफसर मौके पर दिन मौजूद रहे। ज्ञात हो कि सण्डी के सिद्धिमाता में होली के दूसरे दिन से ही श्रद्धालु आते हैं जो काफी दिनों तक माता के नाम पर बकरे की आहुति चढ़ाते है। वही इसी आड़ में अनेक असामाजिक प्रवृत्ति के लोग मन्दिर प्रांगण व इर्द-गिर्द में बैठकर मांसाहार का सेवन कर शराब पीते है। जिससे दुष्प्रभाव स्वरूप इस प्रख्यात सिद्धिमन्दिर में अपवित्रता एवं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गन्दगी व प्रदूषण फैलता है।

■ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर रही मौजूद

चूंकि मन्दिर क्षेत्र में बलिप्रथा व नशाखोरी के विरोध में विगत वर्ष से मन्दिर क्षेत्र में बकरे की बलि एवं मांसाहार व शराब के सेवन पर पाबन्दी लगा दी गयी थी। वही इस बार पुनः होली पर्व के आसपास से क्षेत्र में बकरे की बलि देने व शराबखोरी करने की गतिविधियां शुरू हो गयी थी, जो दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही थी। इसी सिलसिले में विगत दिनों क्षेत्र के सजग नागरिक, धर्मजीवी, जीवप्रेमियो, समाजसेवियों ने बैठक लेकर निर्णय लिया कि धर्म के नाम पर अधर्म बर्दाश्त नही किया जाएगा। मन्दिर क्षेत्र की पवित्रता के लिए उन्हें सड़क पर आंदोलित करना पड़ेगा। परिणामस्वरूप शुक्रवार को सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जिपं अध्यक्ष कल्पना को अभिनेत्री रवीना टंडन ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

निजी कम्पनी के नारी शक्ति सम्मान समारोह 2025 में बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी को समाज सेवा और विकास कार्यों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान बॉलीवुड अभिनेत्री और पद्मश्री रवीना टंडन द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश तिवारी भी उपस्थित थे। कल्पना तिवारी ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण है। यह आप सभी के सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन का परिणाम है। यह सम्मान उन्हें जनसेवा, समाजहित और विकास के पथ पर और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ समाजसेवा में उत्कृष्टता कार्य के लिए मिला सम्मान

### जनसरोकार के कार्यों से सालों से हैं जुड़ी

उल्लेखनीय है कि बेमेतरा जिले की नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी पिछले कई सालों से जनसरोकार के कार्यों से जुड़ी हुई हैं। मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा भी कर रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने बेमेतरा जिले में विकास कार्यों को बढ़ावा देने का कार्य किया है। जनसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाली कल्पना योगेश तिवारी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी क्षेत्रीय स्तर पर कार्य कर रही हैं। इन्हीं सेवा एवं जनसरोकार के कार्यों के जरिए कल्पना योगेश तिवारी ▶▶ शेष पेज 13 पर

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
successful Students of Medical in chhattisgarh



क्यो है गोल इंस्टीट्यूट पर छ.ग. का विश्वास

- गोल के पास है छ.ग. के छात्रों की जरुरतों के अनुसार तैयारी कराने का 18 वर्षों का अनुभव।
- गोल छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी ख्याल रखता है।
- गोल लेता है छ.ग. में सर्वाधिक टेस्ट, साथ में डाउट क्लास, बैकअप क्लास, रिविजन क्लास, सेमिनार, पर्सनल केयर इत्यादि।
- गोल के पास है छ.ग. का कोचिंग क्षेत्र में खुद का इन्फ्रास्ट्रक्चर गोल जीनियस कैम्पस।
- गोल छ.ग. में 1800 से ज्यादा मेडिकल में रिजल्ट और रैंक देने का साथ-साथ 100 % प्रमाणिक रिजल्ट के लिए जाना जाता है।
- गोल 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए स्कूल, कोचिंग और हॉस्टल की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराता है।
- गोल करता है ऐकेडमिक के साथ-साथ पैरेंटल केयर।
- गोल में फैकल्टी स्थायी होते हैं जिससे छात्र सहज महसूस करते हैं।
- गोल जहाँ पर अनुभवी शिक्षकों और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अनुसार नये पैटर्न पर आधारित पूरे पाठ्य क्रम को रोचक तरिके से पढ़ाई जाती है।
- गोल सिर्फ टॉप रैंकर्स को ही नहीं बल्की साधारण छात्रों का भी केयर और सहीं दिशा-निर्देश के साथ आसाधारण रिजल्ट तक पहुंचाता है। इस लिए इसका नाम छात्रो और अभिभावकों को बीच में रिजल्ट फैक्ट्री के रुप में हुआ है प्रसिद्ध।
- गोल में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैचों का संचालन किया जाता है, साथ ही कमजोर छात्रों के लिए विशेष शिक्षक की व्यवस्था की जाती है।

गोल के छात्रों की बड़ी सफलता मेहनत और लगन ने रचा इतिहास

GOAL'S NEET RESULT - 2024








ADMISSION OPEN 2025-26

FOUNDATION
For 11th & 12th
Classes Starts on 4th April 2025

PRE- FOUNDATION
For 9th & 10th
Classes Starts on 4th April 2025

CRASH COURSE
For NEET-2025
Classes Starts on 28th & 31st march 2025

DROPPER BATCH
For NEET/JEE-2026
Classes Starts on May/June/July 2025

ACHIEVER BATCH
For NEET/JEE-2026
Classes Starts on June/July 2025

TEST SERIES
For NEET/JEE-2026
Test Starts on 1st week of July 2025

https://bit.ly/41FBd9k

BHILAI
166, NEW CIVIC CENTRE
PH.: 0788-4013502
7415884100

BHILAI
GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI
PH.: 0788-4040300, 7772060999

BHILAI
139, ZONAL MARKET SECTOR-10,
PH.: 0788-4064100
9826943595

RAIPUR
BESIDE VIDYA HOSPITAL SHANKAR NAGAR
PH.: 0771-4060711, 9926454100

BILASPUR
2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROD
PH.: 07752-320345
9424167109

GOAL BRANCHES : DELHI I PATNA I RANCHI I DHANBAD
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

# भरी गर्मी में गांव की शोभा बनीं मिशन की टंकियां, काम छोड़ ठेकेदार हो गए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या गांव में सामने आने लगी है। लेकिन संकट के समय करोडों रूपए खर्च अमृत मिशन से बनाई गई टंकियों से सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। बोरवेल्स के भरोसे सप्लाई हो रही है। लेकिन गांव में अप इलाको में बोर का पानी नही पहुंच रहा है। ऐसे में पर्याप्त पानी के लिए ग्रामीण टंकियों से सप्लाई की मांग कर रहे हैं। जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। लेकिन पर्याप्त नही हैं। जिसके चलते यहां टैकरों से ग्राम पंचायत पानी की सप्लाई कर रही हैं। यही हाल नगपुरा का भी है, जहां टंकी बनने के बाद सप्लाई शुरू नही हो सकी हैं। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। टंकियां बनने के बाद पाइप लाइन भी बिछाई गई हैं। कई जगह टंकी भरने बोरवेल्स किया गया है। इस बोरवेल्स को टंकी के पाइपलाइन में जोडने कार्य रह गया है। सूत्रों ने बताया कि, जल जीवन मिशन के तहत राशि का भुगतान नही होने से ठेकेदार नाराज हैं और वे काम छोड गायब हो गए है। हालात यह है कि, पीएचई विभाग के लिए चुनौती बढ गई है। टंकी में पाइप लाइन नही जुडने के कारण टेस्टिंग कार्य नही हो सका हैं। गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ही करोडो रूपए खर्च कर मिशन में कार्य कराया गया है। लेकिन संकट में ही राहत नही मिल रही हैं।

### जिले के 160 से अधिक गांव में टंकी का उपयोग नहीं

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन पानी का श्रोत नही होने के कारण अब यहां नदी के पानी को फिल्टर कर सप्लाई किया जाएगा। पीएचई विभाग का दावा है कि इस साल दिसंबर तक कार्य पूरा होगा। ऐसे में दो सौ से अधिक गांव में इस साल ग्रामीणों को राहत नही मिलेगी। सवा दो सौ गांव जहां जलस्तर डाउन होने से पानी की समस्या बनी हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए यहां सात नल जल समूह बनाया गया हैं, जिसमें 225 गांव दायरे में आ रहा है। यानि नदी से संपवेल बनाकर ऐसे गांव में पानी पहुंचाना है।


नगपुरा की टंकी से सप्लाई शुरू नहीं

### जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियां से सप्लाई नहीं

### कई जगह टंकी बनी, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछी

जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक ने बताया कि, विभाग ने टंकी तो बना दिया। लेकिन पाइप लाइन नही बिछाया हैं। मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है। वही 167 गांव में पानी की सप्लाई अब तक शुरू नही हुई हैं। एई पीएस ठाकुर का कहना है कि, भुगतान की समस्या होने के कारण ठेकेदार काम में रूचि नही दिखा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जामुल सीमेंट वर्क्स के संपूर्ण क्षेत्र संरक्षित घोषित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा-26 (1)(2) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार जामुल सीमेंट वर्क्स जिला दुर्ग की संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश, जारी तिथि 17 मार्च 2025 से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू रहेगा। इस आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।

### 6वीं कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 30 मार्च को

दुर्ग। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत 30 मार्च 2025 को समय दोपहर 12 बजे से प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में 6वीं की कक्षा में प्रवेश हेतु प्राक्कचयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण-नपं क्षेत्र में निवासरत तथा 5वीं अध्ययनरत है।

### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7.30 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत दो कार्यो के लिए 7 लाख 30 हजार रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। ग्राम कोटनी में राजेन्द्र निषाद घर से पीलू निषाद घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए और ग्राम महमरा में कमलेश निषाद घर से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नेशनल गेम्स में तीरंदाजों ने जीता स्वर्ण पदक



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने एक बार फिर राज्य का नाम रौशन किया है। ओडिशा के राउरकेला में आयोजित 7वें नेशनल मास्टर्स गेम्स 2025 में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हिरू साहू और वनीता साहू ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि अजेन्द्र तांडेकर ने रजत पदक हासिल किया। यह जीत उनके असाधारण कौशल, समर्पण और उत्कृष्टता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इनकी सफलता के पीछे महीनों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण है, जिसे आईबी ग्रुप के साथ और भी मजबूती मिली। प्रोटीन फॉर ऑल पहल के तहत आईबी ग्रुप भारतीय एथलीटों को सहयोग देता आ रहा है। इससे पहले कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्रिमंत झा को भी सहयोग किया था, जिन्होंने नॉर्वे ओपन पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए रजत पदक जीता था। साथ ही पैरा आर्म रेसलिंग की नेशनल चैंपियनशिप में आईबी ग्रुप के सहयोग से 38 अन्य पैरा आर्म रेसलरों ने 54 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

विडंबना : शहर में डेढ़ दर्जन इलाकों में लगाए गए हैं वाटर एटीएम

# वाटर एटीएम में फूंके एक करोड़ 56 लाख, उपयोग कौड़ी का नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*शहर के डेढ दर्जन इलाको में महज एक रूपए के दर से एक लीटर पानी देने का सपना दिखाने वाले नौकरशाह आंख मूंदे बैठे हैं। वाटर एटीएम के लिए डेढ करोड रूपए फूंक दिए गए, लेकिन वर्तमान में यहां एक बूंद पानी तक आम लोगों को नसीब नही हो रहा है। जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ लोगों को गुस्सा फूंटने लगा हैं।*

शहर में लगे एटीएम में लोग विज्ञापन चिपकाने का ही उपयोग कर रहे है। नगरनिगम के सामने लगा एटीएम का उपयोग ऐसे ही हो रहा है। लोग फिल्मी विज्ञापन व अपने बिजनेस का प्रचार प्रसार कर रहे है। जानकारी अनुसार वर्ष 2018 में 1 करोड 56 लाख 60 हजार रूपए की लागत से लगाई गई लाखों रूपए का वाटर एटीएम कबाड हो गया हैं। आगामी 2025 तक ठेकेदार को एटीएम मशीन का रखरखाव करना था। निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर में लगे 18 एटीएम कबाड हो गए हैं। निगम प्रशासन को हल्के में लेकर ठेकेदार मेंटेनेन्स बंद कर दिया हैं। हालात यह हैं कि, लाखों रूपए फूंकने के बाद लोगों की प्यास तो नही बुझी, लेकिन मोटी रकम पानी में बह गई। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने पूर्व में एटीएम संचालित करने ठेकेदार को नोटिस दिया गया था। लेकिन व्यवस्था में सुधार नही हुई हैं।

हरिभूमि सरोकार

### गर्मी में वाटर एटीएम से राहत की उम्मीद पर फिर रहा पानी



**खास बातें**

- संचालन का जिम्मा यूरो केयर कंपनी को दिया गया था
- निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने पूर्व में नोटिस दिया, लेकिन सुधार नहीं



### यहां बंद हैं एटीएम मशीने

पडताल करने पर नया बस स्टैंड, बोरसी हाट बाजार, पुलगांव कपडा मार्केट, नगरनिगम के सामने एटीएम, आरटीओ कार्यालय, पद्नाभपुर समृध्दि बाजार जैसे लगभग एटीएम बंद हैं। शहर में सार्वजनिक जगहो पर वाटर एटीएम लगाए गए थे। ताकि आम लोगों को शुध्द पानी का लाभ मिल सके। करोडो रूपए के इस मशीन को लगाने के बाद निगम द्वारा भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन मानटरिंग नही किए जाने के कारण ठेकेदार ने वर्ष 2025 से पहले वर्ष 2021 में ही संचालन बंद कर दिया।

### यहां लगाए गए डेढ करोड के वाटर मशीन

शहरवासियों का गुस्सा बंद पडे वाटर एटीएम को देखकर फूट रहा हैं। वाटर एटीएम लोक अदालत नगरनिगम के सामने, शीतला सब्जी बाजार, पुलगांव कपड़ा मार्केट, बोरसी सब्जी (हाट) बाजार, नया गंज मंडी धमधा रोड, सिकोला सब्जी बाजार, मालवीय नगर चौक, जिला अस्पताल, सिंधिया नगर, आदित्य नगर जोन कार्यालय, राजेन्द्र पार्क के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, इंदिरा मार्केट पार्किंग परिसर, वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड चौक मुख्य मार्ग में एसएएफ बटालियन के सामने, जिला अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में लगे हैं।

गौमाता संक्रमित होकर हो रहे बीमार

# गौठान में अव्यवस्था की कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- गौशाला में चिकित्सा की कोई उचित सुविधा नहीं

गौठानों की देखरेख नही होने के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हैं।

मवेशियों को चारा देने व उनके देखरेख के लिए जिम्मेदारी की तैनाती तक यहां नही की गई है। जिसके चलते मवेशियों की हालात खराब हो रही हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं पूर्व दुर्ग जिलाध्यक्ष नितेश साहू ने कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित गौठान में व्याप्त अव्यवस्था के कारण हो रही गौमाता की मृत्यु पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर गौठान की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही उसका संचालन करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने आग्रह किया है। नितेश साहू ने बताया कि, राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गौठान निर्माण की योजना की शुरुआत हुई थी। जिसके अंतर्गत कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप गौठान निर्माण हुआ जो कि, किसी निजी संस्था अथवा समूह के द्वारा संचालित होता आ रहा है, उक्त गौठान पूरी तरह से अव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। जहां गौमाता के बैठने रहने और भोजन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। गौठान का निर्माण गौमाता के संरक्षण और उनके भोजन चिकित्सा की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए किया जाता है।

यह गौठान जहां न कोई सीमेंटीकरण हुआ है न कोई शेड है न गौ माता के बैठने की व्यवस्था है न खाने की व्यवस्था है। चिकित्सा के लिए कोई देखने वाला नहीं है। पूरा गौठान गंदगी से भरा हुआ है। चारा की व्यवस्था ना पीने के पानी की व्यवस्था है और भारी गंदगी की वजह से गौमाता संक्रमित होकर बीमार हो रही है। जिसके उपचार के लिए कोई उचित चिकित्सा की व्यवस्था भी नहीं है।

# निरीक्षण में पहुंचे आयुक्त बच्चों को देख पढ़ाने लगे


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय कन्या विद्यालय सुपेला में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं सामुदायिक भवन को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-2 जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अधिकारियों को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण 8 लाख की लागत एवं महापौर निधि से बच्चों के खेलने के लिए मल्टीपरपस नवीन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका उपयोग स्कूल के बच्चों द्वारा किया जायेगा। स्कूल के शिक्षक के साथ चर्चा करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त को कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराने निर्देशित किए।

### बच्चों से की चर्चा

आयुक्त पांडेय ने देखा क्लास रूम में परीक्षा होने के कारण तीसरी, चौथी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई स्कूल में बने मंच पर बैठाकर कराई जा रही थी। कौतुहलवश सब लोग बच्चो के बीच पहुंच गये और बच्चो से पढ़ाई के बारे में चर्चा करने लगे, क्या पढ़ रहे हो, समझ में आ रहा है कि नहीं। होमवर्क कौन-कौन करके आता है, घर में जाकर कौन-कौन पढ़ाई करता है आदि के बारे में बच्चो से चर्चा किये और उनसे सवाल-जवाब भी किये। बच्चो से जब सवाल किया गया, वृत किसे कहते है, कौन बनाकर बतायेगा। कोई हाथ नहीं खड़ा कर रहा था, जबकि देखा गया कुछ बच्चे अपने कापी में बना लिए थे। आयुक्त ने शिक्षिका से कहा कि बच्चो में आत्म विश्वास की कमी है, उन्हे प्रोत्साहित किया करें। जानते हुए भी बच्चे जवाब देने में डर रहे है। बच्चों को बेझिझक होकर अपनी बातों को कहना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है।

- नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट व सामुदायिक भवन का आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने किया निरीक्षण

### शौचालय व निर्माण कार्य का निरीक्षण

आयुक्त ने वार्ड में हो रहे निर्माण, सफाई, शौचालय आदि का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको से कार्यो के बारे में फीड बैक लिए। अनावश्यक रूप से कुछ जगहो पर स्ट्रीट लाईट जल रहा था, उसे बंद कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किये। किसी भी प्रकार से कोई भी लाईट दिन के समय जलते नहीं दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अस्पताल में 530 बेड अस्पताल की रखी मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला दुर्ग के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं जैसे 530 बिस्तर अस्पताल के अनुसार सेटअप की मांग की गई। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने व कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही को निरस्त करने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें उप प्रांतअध्यक्ष परमेश पाल संभागीय अध्यक्ष अजय नायक जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता महामंत्री लक्ष्मीकांत धोते सचिव खिलावन चंद्राकर अस्पताल संयोजक राघवेंद्र साहू नर्सिंग प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू राय संयुक्त सचिव भूपेश उपाध्याय सुपेला अध्यक्ष सुशील सिंह उषा वर्मा एवं कर्मचारी गण शामिल हुए। अस्पताल में 530 बेड होने से हितग्राहियों को मिलेगी सुविधा।

# सभापति ने पूजा अर्चना कर संभाली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- विधायक व महापौर के मौजूदगी में सभापति ने लिया पदभार




पंरपरागत विधि विधान के तहत पूजा अर्चना कर सभापति श्याम शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया हैं। नवनिर्वाचित सभापति श्याम शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय में सभापति कार्यालयीन कक्ष में मुख्यातिथि विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मौजूदगी में पंडित द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के मध्य पूजा अर्चना की। इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि, यह मेरे लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी का क्षण है। शहर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। सभी के साथ मिलकर शहर को और भी स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाएंगे। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा को विधायक, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने सभापति के कक्ष का फीता काटकर कुर्सी पर विराजमान कर उन्हें उनके सभापति कार्यकाल की बधाई दी। सभी नवनियुक्त एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर,चंद्रशेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, पार्षद सुरिचि उमरे, सावित्री देवी दमाहे, गुलशन साहू, कूलेश्वर साहू, रेशमा सोनकर, ललिता ठाकुर, सरिता चंद्रकार, कमल देवांगन सहित निगम अधिकारियों,कर्मचारियों, वरिष्ठ नेतागण, गणमान्यजनों, सामाजिक एवं भाजपा संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों ने बुके, प्रदत्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सदस्य और अधिकारी ने विभागवार बजट पर किया चर्चा

# बजट प्रस्ताव पर बनी सहमति, अब दुर्ग नगर निगम की सामान्य सभा में होगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2025-26 के शहरीय बजट के लिए नगरनिगम में एमआईसी की बैठक गुरूवार को माहापौर अल्का बाघमार की अगुवाई में आहुत की गई थी। बैठक में विभागों से आए प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने के बाद सहमति भी बनाई गई है। अब इस प्रस्ताव को सामान्य सभा में रखा जाएगा। बहरहाल अभी सामान्य सभा की तिथि तय नही हुई हैं। लेकिन मार्च में ही बजट पेश किया जाएगा। शहरीय बजट के लिए एमआईसी सदस्यों ने विभागवार प्रस्ताव मंगाए थे। इस प्रस्ताव को गुरूवार को एमआईसी में रखा गया। जहां विभागवार चर्चा के बाद इसे सामान्य सभा में रखने पर सहमति बनी हैं। उल्लेखनीय है कि, महापौर अल्का बाघमार द्वारा विगत दिनों व्यापारी व निजी संस्थान प्रमुखों से बजट के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। जिसमें डेढ सौ से अधिक सुझाव बजट के लिए मिले थे। गुरूवार को महापौर परिषद की



बजट बैठक में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में बुलाई गई। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा व महापौर परिषद के समस्त एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, शिव नायक, लीलाधर पाल की उपस्थिति में बजट विचारार्थ प्रस्तुत किया। उसके बाद बजट को सामान्य सभा में रखा जाएगा। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सहित निगम उपयुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दिवान,बाजार अधिकारी संजय ठाकुर, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शैएब अहमद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### पार्षदों की समिति गठित नहीं

नगरनिगम के बारह विभाग के अनुसार प्रत्येक विभाग में आधा दर्जन पार्षदों को सदस्य बनाना है। बजट के पहले पार्षदों की समिति भी विभागवार गठित करनी होती हैं। लेकिन फिलहाल पार्षदों की समिति गठित नही हुई है। सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि, पार्षदों की समिति भी जल्द गठित की जाएगी। प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। जिसे सामान्य सभा में रखा जाएगा।

### शहरीय बजट का इंतजार

भाजपा ने नगरनिगम चुनाव में डेढ दर्जन से अधिक बिन्दुओं पर वादे किए थे। ऐसे में लोगों को बजट का बेसब्री से इंतजार भी है। इसमें प्रमुख रूप से संपत्ति में महिलाओं को छूट सहित कई वायदे शामिल है। ऐसे में माना जा रहा है कि, इस बजट में भाजपा के चुनावी वादे का भी जिक्र होगा।

## खबर संक्षेप



### एटक ने इस्पात मंत्री से की लंबित एरियर्स की मांग

**भिलाई।** भिलाई स्टील मजदूर सभा इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के साथ एटक प्रतिनिधि मंडल मिलकर एनएमडीसी का वेतन समझौता कार्यान्वयन और सेल के वेतन समझौता का 39 माह का एरियर भुगतान के मामले में चर्चा की। विलंब से हो कर्मियों को हो रहे नकुसान के बारे में बताया। मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में एटक के उपाध्यक्ष एवं सांसद कामरेड शुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, एटक सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे।

### प्रवीण निगम ने ईडी वित्त का लिया कार्यभार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रवीण निगम ने गुरुवार को कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में वे सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर पदस्थ थे। श्री निगम ने अपनी सेवा यात्रा सेल – आईएसपी में कनिष्ठ प्रबंधक के रूप में आरंभ की। 21 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जून 2010 में सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा - आईएसपी) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। जून 2014 में वे डीजीएम (वित्त एवं लेखा) बने। 27 सितम्बर, 2019 को श्री निगम को राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) नियुक्त किया गया और फरवरी 2021 में वे मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पदोन्नत किए गए। फिर ईडी बने।

### रेत-मुरूम खनन पर विधायक रिकेश ने किया तारांकित प्रश्न

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग जिला अंतर्गत खदानों में रेत व मुरूम खनन को लेकर तारांकित प्रश्न किया है। उनको जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि दुर्ग जिले में खनिज रेत से 2023 से अब तक 2 लाख 3 हजार रुपए तथा खनिज मुरूम परिवहन अनुमति से कुल 2 करोड़ 29 लाख 65 हजार रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। विधायक सेन ने सदन में यह भी पूछा कि क्या छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन प्रतिबंधित है। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। आपको बता दें कि दुर्ग ज़िले में शिवनाथ नदी से बड़ी मात्रा में रेत निकाली जाती है। इसके आलावा जिले में रेत की 71 खदानें हैं। पर्यावरण विभाग से एनओसी के बाद छह और खदानों को एनओसी मिलने की उम्मीद है। कलेक्टर के निर्देश पर अन्य खदानों की अनुमति के लिए भी पर्यावरण विभाग में आवेदन लगाया गया है।

# 11 अफसरों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरोध में ब्लैक बैच लगाकर किया विरोध

## सेफी ने कहा- प्रबंधन के निर्णय से गिरेगा मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल में 11 अधिकारियों को समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के विरोध में सेफी के आव्हान पर गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई और दल्ली राजहरा माइंस के अधिकारियों द्वारा ब्लैक बैच लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

सेफी से संबद्ध सभी इकाईयों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सेल में समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू करने का विरोध किया। पहले चरण में सेल के सभी इकाईयों में गेट मीटिंग के माध्यम से 18 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया गया था। मुर्गा चौक सेक्टर एक में ओए के बैनर तले बीएसपी अधिकारियों ने शाम एक घंटा विरोध प्रदर्शन किया था। दूसरे चरण में आज अधिकारियों ने ब्लैक बैच लगाकर विरोध दर्ज कराया गया।

सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेल में अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू किए जाने की निंदा की है और ब्लैक बैच लगाने के लिए अधिकारियों को आभार जताया है।



### न्याय के लिए जाएंगे अदालत

श्री बंछोर ने प्रबंधन के निर्णय को अधिकारियों को हतोत्साहित करने वाला बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है ।। कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योगों के मर्जर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान देना राष्ट्रहित में होगा व अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देना जनहित में नहीं है। विदित हो कि सेल प्रबंधन ने अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए अधिकारियों द्वारा समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त के आदेश को निरस्त करने की अपील खारिज कर दी है। सेफी चेयरमेन ने बताया कि सेफी ने प्रभावित अधिकारियों को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय में जाने का निर्णय लिया है।

## सुरक्षा पर फोकस व जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और चर्चा से थमेंगे हादसे

# बीएसपी में बढ़ी दुर्घटनाएं, नियंत्रण के लिए यूनियनों ने बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। सीटू ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने सुरक्षा बढ़ाने के साथ जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। सीटू ने मंगलवार को प्लेट मिल में हुई दुर्घटना की जांच के बाद सीटू ने पाया कि पूरे मामले को दुर्घटना और भी भयावह हो सकती थी लेकिन कुछ कर्मियों की सूझबूझ से उस दुर्घटना को जानलेवा घटना होने से बचाया गया । लोडिंग क्रेन के स्टॉपर का स्प्रिंग एक ठेका श्रमिक के कंधे को चोटिल करते हुए क्रेन पर चढ़ने वाले प्लेटफार्म के बीच में गिरा लेकिन प्रबंधन यह बता रहा है कि स्प्रिंग पहले प्लेटफार्म पर गिरा उसके बाद उछलकर कंधे से टकराया है। यूनियन के मुताबिक स्टील बनाने के लिए जिस एथिकल पॉलिसी की घोषणा की गई है वह संयंत्र के माहौल को बेहतर बनाने की सोच पैदा करता है मर्चेंट मिल में हुए फेटल एक्सीडेंट एवं प्लेट मिल में हुए दुर्घटना हाउसकीपिंग का ना होना दुर्घटना के लिए एक बड़ा कारण है।प्लेट मिल के लोडिंग रेलवे ट्रैक के ठीक ऊपर लोडिंग क्रेन के केबिन बने हुए हैं केबिन में बैठा हुआ कर्मी प्लेट्स को उठाकर लोडिंग वैगन में रखते समय लोडिंग ट्रैक एवं वेगन पूरा एवं साफ-साफ नहीं दिखाई देता है। कर्मियों के कई बार शिकायत के बाद भी प्रबंधन निराकरण की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया है । 34 नंबर ई ओ टी क्रेन का केबिन भी क्षतिग्रस्त है बावजूद इसके जैसे तैसे उस क्रेन को चलाया जा रहा है।

### सीटू ने की प्लेट मिल दुर्घटना की जांच



### श्रमिक चलाते हैं लोडिंग क्रेन

ओटी क्रेन ऑपरेशन को हमेशा से ही उच्च दक्षता वाला कार्य माना जाता है जिस कार्य को अब ठेका श्रमिक करने लगे हैं प्लांट के कई विभागों में लोडिंग जैसे उच्च दक्षता वाले कार्य को ठेका श्रमिकों के हवाले कर दिया जा रहा है जिनका ना तो दक्षता ट्रेनिंग करवाया जाता है ना ही सुरक्षा के सारे नियमों को बताया जाता है । क्रेन से होने वाली दुर्घटनाओं का बढ़ना अब आम गया है। मर्चेंट मिल में 31 जनवरी को ठेका श्रमिक की मृत्यु हो गई थी।

### प्लेटमिल में भारी स्प्रिंग मजदूर पर गिरी

मंगलवार को प्लेट मिल में हुई दुर्घटना में एक ठेका मजदूर घायल हो गया था। मैकेनिकल पार्ट क्रेन नं. 34 के अंदर बड़ी क्रेन की स्प्रिंग टूटकर झूलने लगी। मजदूरों के शोर मचाने के बाद भी सेफ्टी विभाग समय पर नहीं पहुंचा । एक क्रेन आपरेटर के ध्यान नहीं दिए जाने से डैमेज हालत में ही क्रेन चल गया। स्प्रिंग का टुकड़ा मजदूर लक्ष्मण प्रसाद के कंधे पर गिर गया। उसकी बेहोशी में काम कर रहे मजदूर उसकी मौत हो गई कहकर चिल्लाए तब मेडिकल टीम पहुंची और उसे सेक्टर नौ हास्पिटल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गई। यूनियनों के मुताबिक भारीभरकम स्प्रिंग मजदूर के सिर पर गिरने से मौत हो सकती थी।

### छुपाने से बढ़ती हैं दुर्घटनाएं

सीटू ने बताया कि दुर्घटना को छिपाने से हादसे बढ़ते हैं। प्रबंधन के दुर्घटनाओं को अध्ययन से इन्हें रोका जा सकता है। लेकिन दुर्घटनाओं की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग को नजरंदाज किया जाता रहा है। सार्वजनिक न करने से ज्यादा दुर्घटनाएं होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। 10 अक्टूबर 2024 को एस एम एस -3 के बिलेट यार्ड में सुबह 10.30 बजे ई ओ टी मैग्नेट क्रेन नंबर 31से मिडिल बे में खड़ी क्रेन नंबर 28 से टकराने से 28 नंबर क्रेन काबफर स्टापर का फाउंडेशन टूटकर गिरने से ठेका श्रमिक बसंत कुमार कुर्रे की मौत हो गई थी।

# भाजपा 22 को मनाएगा बिहार तिहार कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत जिला भिलाई एवं जिला दुर्ग भाजपा द्वारा बिहार का स्थापना दिवस के रूप में बिहार के तिहार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 22 मार्च को चौहान एम्पीरियम बाईपास रोड नेहरू नगर भिलाई में प्रातः साढे दस बजे से किया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में जिला भिलाई के भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन और जिला दुर्ग भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक व नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने संयुक्त रूप से दी। इस दौरान इन्होने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत भारतीय जनता पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि भारत को श्रेष्ठ करना है, इसी के लिए बिहार राज्य का स्थापना दिवस छत्तीसगढ में मनाया जा रहा है। जिसमें गोरखपुर, बलिया, यूपी बिहार व भोजपूरी सं संबंधित जो भाषा बोली जाती है, ऐसे कई समाजप्रमुखों का सम्मान इस कार्यकम में किया जायेगा। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री एवं छत्तीसगढ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा करेंगे । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, विधायक ललित चन्द्राकर, एमएलए डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, एमएलए रिकेश सेन, एमएलए गजेन्द्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, भूपेन्द्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, संदीप शर्मा, सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष, अल्का बाघमार दुर्ग महापौर उपस्थित रहेंगे। एक हमारा भारत है उसको श्रेष्ठ करना है। सभी लोगों का इसमें सहभागिता हो,यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है। बिहार के सभी जिलों व जो भोजपुरी बोलते है, ऐसे सभी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है और उनके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अब बिहार प्रांत में चुनाव होने जा रहा है, 22 मार्च को बिहार का स्थापना दिवस है इसी परिपेक्ष्य में भाजपा के आदेशानुसार 22 मार्च को बिहार का तिहार मनाया जा रहा है।

■ दुर्ग-भिलाई भाजपा जिला का संयुक्त आयोजन

# उन्नत सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में उन्नत "सेल ग्रीन पेवर/टाइल्स प्लांट" का कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने मंगलवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट की प्रचालन प्रणालियों से अवगत कराया। यह उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट, सतत विकास एवं संसाधन संरक्षण की दिशा में संयंत्र का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिदिन 2000 टाइल्स/पेवर ब्लॉक उत्पादन क्षमता वाले इस प्लांट में इस्पात निर्माण प्रक्रिया में उप उत्पाद (बायप्रोडक्ट) के रूप में उत्पन्न प्रोसेस्ड स्टील स्लैग का उपयोग प्रमुख कच्चे माल के रूप में किया जाता है। राकेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल कार्यस्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहायक है, बल्कि कर्मचारियों के समग्र स्वास्थ्य और प्रसन्नता में भी वृद्धि करती है। तापस दासगुप्ता ने पेवर/टाइल्स प्लांट की विशिष्टताओं प से प्रकाश डाला । चंद्रेश झा ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए एल.डी. स्लैग टाइल्स का वाल क्लैडिंग में उपयोग कर उत्पाद की उपयोगिता पर बताया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र चौधरी ने व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक आलोक माथुर द्वारा दिया गया।

# इंसेंटिव फॉर्मूला संशोधन सीएलसी ने डीएलसी को दिए जाँच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएकेस भिलाई द्वारा इंसेंटीव फॉर्मुला के बिंदुओं पर जांच की मांग की है। 20 वर्षो से नही किए गए संशोधन पर किए जा रहे पत्राचार का असर होना अब दिख रहा है ।बीएसपी प्रबंधन द्वारा इस्पात सचिव को पत्र लिखकर जवाब दिया गया था कि इंसेंटीव फॉर्मूला में संशोधन का अधिकार सेल कारपोरेट कार्यालय के पास है , वही सेल कारपोरेट कार्यालय ने मुख्य श्रमायुक्त को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि अंतर-संयंत्र समिति पहले से चल रही प्रोत्साहन योजनाओं की समीक्षा कर रही है । बीएकेएस के महासचिव अभिषेक ने बताया अभी तक सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा नये इंसेंटीव फॉर्मुले को लागु करने के लिए कोई भी कारवाई नही किया गया है । बीएकेएस भिलाई ने बिंदुओं पर जाँच की माँग की है । इंसेंटिव मुद्दे पर कमिटी का गठन कब किया गया, इंटर प्लांट कमेटी ने रिपोर्ट को सेल कॉरपोरेट कार्यालय को भेजा है या नही । साथ ही रिपोर्ट नही भेजा गया है तो उसका क्या कारण है क्या उक्त कमेटी में सिर्फ अधिकारी वर्ग ही है । इंटर प्लांट कमेटी ने तय समय पर रिपोर्ट जमा नही किया तो उसका क्या कारण था , तथा उस पर सेल कारपोरेट कार्यालय ने क्या एक्शन लिया ? यदि एक्शन नही लिया है तो इसका क्या कारण है। इंसेंटीव रिवार्ड संशोधन को कब ल लागु किया जायेगा और कर्मियों के आर्थिक घाटे की पूर्ती किस माध्यम से की जायेगी।

■ बीएकेएस ने डीएलसी को लिखा पत्र

## पेज 11 के शेष

### जनता की समस्याओं को ...

इसके साथ ही, स्मार्ट और हाईटेक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के निराकरण के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाने का भी निर्देश दिया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रखने और सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई।

### जपं बेरला में पांचवे दिन ...

लव कुश मानिकपुरी, कमलेश देशलहरा, नीतू साहू, ममता साहू, त्रिवेणी साहू, प्रमोद राजपूत, चिंता राम निषाद, बहल साहू, दशरथ निर्मलकर, संतोष मरकाम, सनत पाटिल, जीवन साहू, चुनूराम साहू शिव देशलहरा, सरिता यदु, सरिता वर्मा, मूलचंद साहू, अनील साहू, रामजी देवांगन, गजेंद्र यादव, स्वरूपानंद वर्मा, रामानंद साहू, गजेन्द्र वर्मा, कीर्ति लता साहू, निशा शर्मा, चंद्रकुमार डेहरे, देवराज साहू, धनी राम जांगडे, अनिता मार्कण्डेय , पुनाराम बंजारे, गिरवर गायकवाड़, अशोक गायकवाड़, शिवकुमार गोश्वामी, जनक साहू, लेखन साहू आदि सचिव उपस्थित रहे।

### बलि प्रथा का किया ...

के स्वामी ज्योतिमयानन्द द्वारा मन्दिर मार्ग के प्रवेश द्वार पर समिति सदस्यों, धर्मावलंबियों व समाजसेवियों के साथ विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे सभी के द्वारा प्रशासन के समक्ष लिखित ज्ञापन में मन्दिर क्षेत्र में बकरे की आहुति या मांसाहार सेवन हमेशा के बंद रखने, क्षेत्र में नशाखोरी पर पाबन्दी लगाकर असमाजिक लोगो को रोकने की मांग की गई। अन्यथा क्षेत्र में अपवित्रता व अशुध्दियां बढाने के खिलाफ स्वयं कार्यवाही करने एवं किसी प्रकार की जन अथवा मानहानि की जवाबदेही प्रशासन को ठहराते हुए चेतावनी दी। साथ ही दाण्डी स्वामी सहित मंदिर समिति व अन्य सभी लोगों के साथ रविवार को पुराने रेस्ट हाउस में बैठक आहूत की गई है, जिसके बाद ही और बड़े फैसले लिए जाने की सम्भवना है।

### जिपं अध्यक्ष कल्पना ...

की प्रेरणा देगा। कल्पना तिवारी ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में बेमेतरा जिले में विकास की कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर को सुधारना है।

### जनसरोकार के ...

आगे बढ़ने के साथ ही अपने क्षेत्र की महिलाओं के बीच प्रेरणा का स्त्रोत भी बनकर उभर रही हैं।

### अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने से आसपास के ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

**भिलाई।** अहिवारा विधायक राज महंत डोमन लाल कोर्सेवाडा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार के सामूहिक प्रयास से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्तमान बजट में अहिवारा क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने हेतु मंजूरी मिली है व नवीन भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत की गई है। नगर पालिका अहिवारा पूर्व अध्यक्ष व भाजपा दुर्ग जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने जानकारी दी है कि वर्तमान बजट सत्र में अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की मंजूरी मिली है व इसकी नवीन भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत प्राप्त हुआ है। जिससे लिए पूरे अहिवारा नगर पालिका एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षो उल्लास का माहौल बना हुआ है। बहुत दिनों से यह मांग थी कि आसपास के ग्रामीणों को जमीन खरीदी बिक्री के लिए रजिस्ट्री कार्य के लिए धमधा एवं दुर्ग जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जिसके कारण किसानों एवं आम नागरिकों को अत्यधिक असुविधा होती है। अहिवारा में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने से आसपास के ग्रामीणों को और यहां के नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी।

## आक्रामक लक्ष्य के साथ स्थाई लागत में कमी का आह्वान

# इस्पात मंत्रालय के सचिव पौंड्रिक ने बीएसपी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने गुरुवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र एवं सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी उपस्थित थे। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका सुरक्षा उत्कृष्टा केंद्र में स्वागत किया गया। सचिव को सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। बाद उन्हें संयंत्र भ्रमण के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया।

संदीप पौंड्रिक, श्री अभिजीत नरेंद्र तथा अमरेंदु प्रकाश ने ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा यूनिवर्सल रेल मिल में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान श्री दासगुप्ता, कार्यपालक व राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों ने बीएफ-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में कच्चे इस्पात का उत्पादन तथा यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल के रोलिंग कार्य को देखा।



### उत्पादन पर दिया प्रस्तुतिकरण

इस्पात भवन' में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान आईएएस श्री संदीप पौंड्रिक, श्री अभिजीत नरेंद्र तथा अमरेंदु प्रकाश ने निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) श्री अनिर्बान दासगुप्ता, एमएससीटी के सीएमडी मनोबेंद्र घोषाल तथा बीएसपी के कार्यपालक निदेशकों से संवाद किया। उपस्थित कार्यपालक निदेशकों में एस मुखोपाध्याय एके चक्रवर्ती पवन कुमार (मानव संसाधन), प्रवीण निगम बीके गिरी, राकेश कुमार डॉ. रवींद्रनाथ एम. कार्यवाहक कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार तथा सीजीएम प्रभारी, सीजीएम उपस्थित थे। उत्पादन प्रदर्शन, तकनीकी-आर्थिक मानकों, उत्पाद मिश्रण, वित्तीय प्रदर्शन तथा उत्पादन लागत पर एजीएम हिमांशु दवे, तथा सहायक प्रबंधक शालिनी चौरसिया द्वारा प्रस्तुति दी गई। सचिव ने वरिष्ठ प्रबंधन को आक्रामक लक्ष्य निर्धारित करने तथा स्थायी लागत में कमी लाने का आह्वान किया।

# ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 16 नशेड़ी वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे अभियान में दो दिनों में 46 शराबी वाहन चालको पर कार्रवाई कर चालान किया गया। ट्रैफिक एसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि दुर्ग जिले के ऐसे स्थान जो हादसों का क्षेत्र शाम 6 से 12 बजे तक वाहन चालको को ब्रीथ एनेलाईजर मशीन से चेक किया गया। जिसमें 16 वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये गये। उक्त वाहन चालको का वाहन जप्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा उनके लायसंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा गया। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव ट्रैफिक नियमों का पालन करे और किसी भी प्रकार का नशापान न करे।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति एनीकेट का पानी बहा दिया और कर रहे रेत उत्खनन



**बेमेतरा।** पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बेरला से लेकर बेमेतरा तक शिवनाथ नदी पर बने हुए विभिन्न एनीकेट को शासन की बिना अनुमति खोलने तथा उसमें से पानी बहाकर रेत का उत्खनन कर रहे माफियाओं पर लगाम लगाने कहा। शहर में हो रहे जलसंकट दृष्टिगत रखते हुए पानी संरक्षण के लिए कलेक्टर बेमेतरा को पत्र लिखा है। पूर्व विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरला से लेकर बेमेतरा विकासखंड के सीमा में बहने वाली शिवनाथ नदी में बने विभिन्न एनीकेट के गेटों को माफिया शासकीय अनुमति के बिना खोल रहे हैं। नदी से पानी बहाकर एनीकेट से रेत उत्खनन के कार्य में लगे हुए हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन मूक दर्शक बनकर माफियाओं का संरक्षक बना हुआ है। जिस पर अभिलंब रोक लगाई जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए एवं बेमेतरा में हो रहे पानी की दिक्कत को ध्यान में रखकर एनीकेट को सुरक्षित रखने की मांग की है।

### आरटीई में प्रवेश के लिए समय सारणी जारी

**बेमेतरा।** लोक शिक्षण संचालनालय स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित ऑनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत बेमेतरा जिले के अंतर्गत निजी विद्यालय में वर्ष 2025-26 के लिए की कार्रवाई के संबंध में समय सारिणी जारी की गई हैं। जिसके तहत छात्र पंजीयन याने आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन 1 मार्च से 31 मार्च तक होगा। नोडल अधिकारीयों द्वारा दस्तावेजों की जांच 17 मार्च से 31 मार्च तक की जाएगी। लॉटरी एवं आवंटन 1 मई से 2 मई तक किया जाना है। स्कूल दाखिला प्रक्रिया 5 मई से 30 मई 2025 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

### गोस्वामी समाज का प्रांतीय सम्मेलन आज से

**भिलाई।** छग दशनाम गोस्वामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन (महासभा सम्मेलन)का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गनियारी शनिवार और रविवार को किया जा रहा है।

## समस्या: गर्मी के तेवर तीखे होने के साथ ही पेयजल संकट हुआ विकराल

# बूंद-बूंद जल के लिए तरस रहे नवागढ़वासी टैंकर आते ही मच जाती है पानी की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गर्मी के तेवर तीखे होने के साथ ही जलसंकट नगर में बीते डेढ़ माह से विकराल रूप धारण की हुई है। चार-चार सौ फुट खनन वाले सरकारी बोर भी हवा उगल रहे हैं। शहरवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। वार्डों में पानी का टैंकर आते ही लोग उस पर टूट पड़ते हैं और लूट मच जाती है। पानी के टैंकर में कब्जा कर लेते हैं। नगर के कई मोहल्लों में पानी का टैंकर आते ही पहले से खाली ड्रम और बाल्टी लिये लोग टैंकर के ऊपर चढ़ कर पानी भरने के लिये कैसे मारा-मारी कर रहे हैं, उपयोगिता और कमी को दिखता है। यह आलम रोज का हो गया है।

■ पीएचई विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन बनी शोपीस

लोगों का कहना है कि पेजयल समस्या कोई नई नहीं है। इसका समाधान नहीं हो पा रहा। नगर में पानी को लेकर हाहाकर मचा है। शहर की आबादी की प्यास बुझाने के लिए नगर पंचायत टैंकरों से आपूर्ति करा रहा है जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। मोहल्लों में टैंकर पहुंचते ही लोग पानी के लिए टूट पड़ते है। जिससे किसी को एक तो किसी को दो बाल्टी ही पानी नसीब हो पाता है।




### दो माह से लेवल डाउन कोई प्रयास नहीं

गर्मी के आगमन के पहले ही झलक दिखने के बावजूद विभाग कुम्भकर्णीय नींद में सोए हुए रहते हैं। शिकवा शिकायत के इंतजार में समय व्यतीत करता है। अगर समस्या आने के पहले विभाग सुध लेता तो आज नगरवासियों को ये दिन देखना नहीं पड़ता।

**10 मिनट में खाली हो रहे टैंकर :** जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने वाले टैंकरों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। हजारों लीटर क्षमता वाले पानी के टैंकर को लोगों ने 10 मिनट में खाली कर देते है। बावजूद इसके कई लोग पानी से भरने से वंचित रह जा रहे है। इसी तरह की स्थिति सभी वार्डों में बन रही है। जलसंकट के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।




### दो-तीन दिन में मिल रहा पानी

नगर की महिलाओं का कहना है कि पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है। नगर पंचायत से टैंकर दो से तीन दिन के अंतराल में आ रहा है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण दूर-दूर से भटककर इंतजाम करना पड़ता है।

### प्रतिवार्ड में 8-10 टैंकर रोज की जरुरत

शहर में गर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में पानी की मांग बढ़ने लगी है। ऐसे में प्रतिवार्ड न्यूनतम 8-10 टैंकर प्रतिदिन की आवश्यकता है। लेकिन नगर पंचायत द्वारा जलसंकट वाले वार्डों में केवल दो से तीन बार ही टैंकर भेजे जा रहे है। जिससे नगर में जलसंकट गहराता जा रहा है।

### अध्यक्ष ने कलेक्टर से लगाई गुहार, नदी से जोड़ने की मांग

नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान शुक्रवार को बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा से मिले और नगर में जलसंकट की स्थिति बताई। उन्होंने कलेक्टर से लिखित मांग किया है कि पीएचई विभाग द्वारा बिछाए पाइपलाइन से नगर में सप्लाई नहीं हो पा रही है। भूमिगत जल स्तर गिरने से टंकियों में पानी नहीं भर पा रहा है। शिवनाथ नदी से आई पाइप लाइन को नगर से जोड़ने की जरूरत है। यदि ऐसे होता है तो तीनों पानी टंकिया आसानी से भर जाएगी। नगर में पानी सप्लाई सुचारू रूप से होगा।

### मिला आश्वासन

जल समस्या के मद्देनजर नगर को शिवनाथ नदी की पाइप लाइन से जोड़ने मांग कलेक्टर के समक्ष की सम्बंधित विभाग को तलब करते हुए कलेक्टर ने जल्द उचित व्यवस्था का आश्वासन दिया है।
**सिद्धांत चौहान** अध्यक्ष, नगर पंचायत नवागढ़

# उड़नदस्ते ने किया बीईओ ऑफिस साजा का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीईओ द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए गठित उड़नदस्ते ने विकास खंड शिक्षा कार्यालय साजा का औचक निरीक्षण किया। जहां नदारद पाए गए कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है।

दरअसल बोर्ड परीक्षा केंद्रों और केंद्रीयकृत पांचवीं, आठवीं कक्षा की परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में गठित जिला शिक्षा विभाग का उड़नदस्ता लगातार कार्रवाई कर रहा है। दल प्रमुख एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, रेणुका अग्रवाल, सुकन्या राजपूत व अनिल घृतलहरे ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसी दौरान अधिकारियों ने विकास खंड शिक्षा कार्यालय साजा का भी 11:25 मिनट पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहाँ विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा सहायक विकास खंड अधिकारी दोनों अधिकारी केंद्रीयकृत परीक्षा तथा बोर्ड परीक्षा के आकस्मिक निरीक्षण में गये थे। कार्यालय के अन्य पाँच कर्मचारी नदारद रहे। अन्य कर्मचारी जो अनुपस्थित रहे जिसमें मीनकेतन वर्मा सहायक ग्रेड 02, ओमकार रजक सहायक ग्रेड 02, प्रकाश अग्रवाल सहायक ग्रेड 02, संजय कुमार गायकवाड़ सहायक ग्रेड 02, तुकाराम कोशरे भृत्य आकस्मिक निरीक्षण में ये सभी बिना किसी सूचना के व आवेदन के कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। इन सभी को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा केंद्रों में सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां कक्षा दसवीं का संस्कृत पेपर चल रहा था। इस परीक्षा में 105 विद्यार्थियों में से सभी 105 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। शासकीय प्राथमिक स्कूल बीजा, सेजेस साजा में कुल दर्ज 152 में से 151 विद्यार्थी उपस्थित रहे। तथा एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केन्द्र में कोई भी नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

■ अनुपस्थित पाए गए सभी 5 कर्मचारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

# रामजानकी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बने अयोध्या



**बेमेतरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत दाढ़ी के गिधवा में श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अयोध्या चंद्राकर को अध्यक्ष निर्वाचित किया है। कोषाध्यक्ष देवदत्त तिवारी और रामकुमार चंद्राकर को सचिव नियुक्त किया गया, जिनका कार्यकाल ट्रस्ट के नियमानुसार 3 वर्ष रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठापूर्वक भगवान को समर्पित करते हुए निभाऊंगा। वर्तमान में सबकी व्यवस्था हो रही है। परन्तु गौ माता की किसी प्रकार की व्यवस्था नही हो रही है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा सर्वप्रथम गौपालन किया जाएगा।जगदीश चंद्राकर, भुगेंद्र चंद्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर, फुलसिंग चंद्राकर, गोरेलाल चंद्राकर, गजानन ध्रुव, बिहारी निर्मलकर, मनीष शर्मा, पूर्णिमा चंद्राकर, कंचन बाई, नरेश चंद्राकर, इंद्रपाल चंद्राकर, जानकी बाई, बिहारी चंद्राकर, उत्तरा साहू, सीमा चंद्राकर, बद्री वर्मा, सुखीराम साहू आदि ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# महापरीक्षा में शामिल होने के लिए पीला चांवल के साथ दिया जा रहा आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा के प्रधान पाठक धनेश रजक व उल्लास भारत साक्षारता कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवी शिक्षिका के रूप में सेवा दे रही गांव की तीनों बेटियां माधुरी निर्मल, यामिनी निर्मल व गुनिता निर्मल ने घर घर जाकर रविवार होने वाले महापरीक्षा के लिए पीला चांवल व आमंत्रण कार्ड व शिक्षार्थी पर्ची दी। गांव की घर दीवारों पर परीक्षा तिथि 23 मार्च व परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी लिखवाया गया।

■ महापरीक्षा अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार

**परीक्षा देकर लोग असाक्षर से हो जायेंगे साक्षार: प्रधान पाठक :** शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक ने आमंत्रण कार्ड देकर मौखिक भी बताया कि आपको रविवार को सारे कार्य छोड़कर इस महापरीक्षा के लिए समय निकालना है और शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में महापरीक्षा में शामिल होना है और भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का हिस्सा बनना है। समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय है। और सभी परीक्षा दिलाने वाले सभी असाक्षरों के लिए हम अपने स्कूल में चाय, पानी, स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखेंगे। आप लोग जरूर आना परीक्षा दिलाना। आप लोग असाक्षर से साक्षार हो जायेंगे। सभी ने एक शिक्षक और गांव की बेटियों को आमंत्रण कार्ड लेकर आते देख खुश हो गये,और सभी असाक्षर महापरीक्षा में सम्मिलित होने की कही। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक ने कहा कि शिक्षा की अलख जगाना है और हर असाक्षर को हमें साक्षर बनाना है।



### महापरीक्षा के लिए असाक्षरों के घर-घर जाकर दिया न्योता



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला उघरा विकासखंड बेमेतरा के शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे एवं प्रधान पाठिका धनेश्वरी करभाल ग्राम उघरा के नवनियुक्त सरपंच भरत यादव के द्वारा गांव के असाक्षरों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा हेतु घर घर जा कर पीला चांवल से टीका लगाकर व पीला चांवल देकर एवं फूल देकर दिनांक 23 मार्च दिन रविवार प्रातः 10 से 5 बजे तक परीक्षा हेतु आमंत्रित किया। जिसे गांव के असाक्षर लोगों ने सहज ही स्वीकार किया और परीक्षा दिलाने के लिए काफी उत्सुक लग रहे थे।

# एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने शुक्रवार को रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया।

एसपी द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाए जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। परेड में अच्छा गणवेश धारण करने वाले को पुरस्कृत भी किया गया। एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानों को हमेशा प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा और उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया।



जनरल परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ ही साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, प्रमोद शर्मा, उप निरीक्षक राजकुमार साहू, डीएल सोना एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना व चौकी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 210 छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा एवं आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम फरी में किया गया। इस अवसर पर कुल 210 बच्चों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें सही तरीके से ब्रश करने के फायदे बताए गए।

इस वर्ष के विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस की थीम ए हैप्पी माउथ इस अ हैप्पी बॉडी को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय बेमेतरा के दंत चिकित्सक डॉ. विजया रमन एवं डेंटल असिस्टेंट राजेश शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों को मुख स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान और बचाव को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. भेख राम साहू ने जानकारी दी कि भारत में हर साल 12 लाख लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत मामले तंबाकू उत्पादों के कारण होते हैं। विशेष रूप से, बच्चों और महिलाओं में तंबाकू उत्पादों के उपयोग में वृद्धि चिंता का विषय है, जिससे मुख कैंसर के मामलों में भी वृद्धि हो रही है।




**मुख स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और उनके दुष्प्रभाव :** मुख स्वास्थ्य की अनदेखी से दांतों की सड़न, मसूड़ों में सूजन, खून आना, असमय दांतों का गिरना, मुंह से दुर्गंध, मुंह का कम खुलना, गर्म एवं मसालेदार भोजन में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में यह समस्या कुपोषण, समयपूर्व प्रसव, गर्भपात, नवजात में जन्मजात विकृतियां, मानसिक कमजोरी, अंधापन, बहरापन जैसी जटिलताओं को जन्म दे सकती है।

तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्थापित तंबाकू नशामुक्ति केंद्र में उचित परामर्श एवं निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी तथा अन्य चिकित्सीय उपाय उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यक्ति इस सुविधा का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

### कोषालय में 24 तक जमा होंगी चेकबुक

**बेमेतरा।** जिला कोषाधिकारी प्रशांत प्रधान ने बताया कि जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारी 24 मार्च तक चेकबुक जिला कोषालय में जमा करेंगे।




संस्कृत विषय के पर्चा होने के साथ ही परीक्षा हुई खत्म

# 10वीं बोर्ड के पेपर खत्म, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




थानखम्हरिया समीपस्थ लोक मान्य तिलक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को संस्कृत विषय का परीक्षा दी। दसवीं के विद्यार्थियों का परीक्षा दिवस अंतिम दिन रहा। बच्चों ने संस्कृत का पर्चा आसानी से हल कर लिया। परीक्षा समाप्ति के पश्चात सहायक शिक्षक अजय साहू 10-15 मिनट की क्लास लेकर बच्चों से वार्तालाप किया।

इस दौरान अजय साहू ने कहा कि परीक्षा जीवन की अंतिम पड़ाव नहीं होता है। जीवन में सुख-दुख का मेल बना रहता है । अतएव ऐसे विद्यार्थी जिनका पेपर खराब गया हो वह निराश ना हों और अपनी मेहनत पर भरोसा बनाए रखें। परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा । उस दिन अगर किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम असंतुष्टप्रद हो तो वह भी विद्यार्थी निराश ना होवे।

**दो बार होगी बोर्ड परीक्षा:** राज्य सरकार ने पिछले साल से ही अहम फैसला लिया है कि अब छग राज्य में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। अगली द्वितीय बोर्ड परीक्षा संभावित तौर पर जून-जुलाई माह में होगी। इस परीक्षा में वे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं जो विद्यार्थी परीक्षा परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। पूरक एवं अनुतीर्ण विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं।

### रुचि के विषय का ही चयन करें

साथ ही अजय साहू ने कहा कि दसवीं पास होने वाले विद्यार्थियों को ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने से पूर्व गंभीरता से सोच लें कि आप जिन विषय का चयन कर रहे हैं, उसमें आप कितनी रूचि रखते हैं। किसी के बहकावे एवं अपने दोस्तों के चक्कर में पड़कर विषय का चयन ना करें। इसके लिए शिक्षक साथी एवं जानकार लोगों से उचित सलाह ले लेना चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या ना हो।

### पल को यादगार बनाने हुआ फोटोसेशन

परीक्षा उपरांत बच्चों के साथ यादगार पल को बनाएं रखने के लिए फोटोसेशन भी हुआ। इस दौरान बोर्ड परीक्षा केन्द्राध्यक्ष डोकार सिंह धुर्वे, प्रभारी प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी अभिलाष जैन, संकुल समन्वयक हाटरांका पीलूराम साहू, व्याम शिक्षक गणेश कुमार स्प्रे, सफाईकर्मी अश्वनी पाटिल एवं दसवीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।




